राज्य स्तरीय आकलन

FA	2

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा : अष्टमी | **विषय : संस्कृतम्**

PAPER CODE : 8051 | **पूर्णांक : 10**

निर्देश – खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।

खण्ड 'अ' (अंक 05)

LO – LS - 811 – विभिन्न विषयों उद्देश्यों में लिए उचित व्याकरणिक तत्वों का उपयोग करते है।

गतिविधि 01 – ''पद–अन्त्याक्षरी''

उद्देश्य – विद्यार्थियों में संस्कृत शब्द भण्डार की वृद्धि करना।

आवश्यक सामग्री – श्यामपट, चॉक

शिक्षक कथन – आज हम एक गतिविधि करते है जिसका नाम है पद अन्त्याक्षरी। सर्वप्रथम श्यामपट में मेरे द्वारा एक संस्कृत शब्द लिखा जायेगा। उसके बाद दूसरा विद्यार्थी उस शब्द के अंतिम वर्ण से प्रारंभ होने वाला अन्य शब्द लिखेगा। इसी प्रकार सभी विद्यार्थी अपनी बारी के अनुसार पूर्व पद के अन्तिम वर्ण से प्रारंभ होने वाले शब्द लिखते जायेंगे। प्रत्येक को पाँच अवसर मिलेंगे। प्रत्येक अवसर में सही शब्द लिखने पर अंक मिलेगा।

गतिविधि के चरण –

1. कक्षा के विद्यार्थियों को अनुक्रमांक के क्रम में कक्षा में व्यवस्थित बैठाये।
2. शिक्षक श्यामपट पर एक सरल संस्कृत शब्द लिखें।
3. अनुक्रमांक 01 से प्रारंभ करते हुए सभी विद्यार्थी पूर्व में लिखे शब्द के अंतिम वर्ण के प्रारंभ होने वाले शब्द लिखते जायेंगे।
4. प्रत्येक विद्यार्थी के लिए पांच अवसर पूर्ण होने तक गतिविधि जारी रखें।

आकलन प्रारूप

क्र.	विद्यार्थियों का नाम	अवसर					योग
		1	2	3	4	5	

गतिविधि 02 – ''वर्गीकरणं कुरू''

कौशल – स्मरण कौशल

उद्देश्य – विद्यार्थियों में स्मरण क्षमता का विकास करना।

आवश्यक सामग्री – शाक, पुष्प, फल, पशु पक्षियों व दैनिक उपयोगी वस्तुओं के संस्कृत नाम लिखे हुए कागज की पर्चियां/पांच ट्रे।

शिक्षक कार्य/कथन – अभी आप लोगों को एक गतिविधि करायी जाएगी। जिसमें आप लोगों को पाँचों वर्गों में से एक पर्ची वितरित की जाएगी। ये पाँच वर्ग हैं – शाक, पुष्प, फल, पशुपक्षी व दैनिक उपयोगी वस्तुएँ आप लोगों को पर्ची के पीछे अपना अनुक्रमांक लिखकर उनके–उनके खण्ड में रखना है। पर्चियाँ सही–सही खण्डों में रखे जाने पर 1–1 अंक प्राप्त होंगे।

गतिविधि के चरण –

1. नाम लिखे गये पर्चियों के प्रत्येक खण्ड से एक–एक पर्ची लेकर, इस तरह पाँच पर्चियों का संग्रह प्रत्येक विद्यार्थी को वितरित करेंगे।
2. टेबल पर शाक, फल, पुष्प, पशु–पक्षी, दैनिक उपयोगी वस्तुएं लिखे हुए पांच ट्रे रखेंगे।
3. विद्यार्थी अनुक्रमांक के क्रम से आयेंगे और अपनी पर्चियों को उनके वर्ग अनुसार ट्रे में रखेंगे।
4. अंतिम विद्यार्थी का क्रम समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक ट्रे के पर्चियों की जाँच करें।
5. जिस ट्रे में गलत पर्ची रखी गई हो उस अनुक्रमांक के लिए उस वर्ग में अंक न देंवे।

आकलन प्रारूप

क्र.	विद्यार्थियों का नाम	शाक	फल	पुष्प	पशु–पक्षी	दैनिक उपयोगी वस्तुएं	विशेष
		1	2	3	4	5	

गतिविधि 3– ''उलटा–पुलटा''

कौशल – स्मृति

उद्‌देश्य – विद्यार्थियों में स्मृति की जांच करना एवं 'विलोमपद' शब्दकोश में वृद्धि करना।

आवश्यक सामग्री – ऐसे शब्दों की पृथक–पृथक की सूची जिनके पर्यायवाची या विलोम पद हो सकते है, पाठ्‌यपुस्तक से छांटकर बनाये।

शिक्षक कार्य/कथन – अभी आप लोगों को एक समूह गतिविधि करायी जाएगी। जिसमें आप लोगों के पर्यायवाची एवं विलोमपद संबंधी ज्ञान का आकलन किया जायेगा। प्रथम तीन चरणों में शब्दों का पर्यायवाची शब्द तथा चार व पाँच चरणों में विलोपपद पूछा जायेगा। समूह के एक सदस्य द्वारा सही उत्तर मिलने पर समूह के सभी सदस्यों को समान अंक मिलेंगे। गलत उत्तर पर किसी को अंक नहीं मिलेंगे।

गतिविधि के चरण –

1. कक्षा के विद्यार्थियों को 4–6 समूहों में विभक्त करेंगे एवं पृथक–पृथक बैठक व्यवस्था करेंगे।
2. प्रथम तीन चरणों में पाठ्‌यपुस्तक के पाठों से छाँटकर बनायी गयी सूची मे से शब्दों के पर्यायवाची पूछेंगे।
3. सही उत्तर पर समूह के सभी विद्यार्थियों को 1–1 अंक प्रदान करें।
4. चौथे व पांचवे चरणों में सूची से शब्दों के विलोम पद पूछे और उपरोक्तानुसार अंक देवें।
5. गलत उत्तर होने पर समूह के सभी विद्यार्थियों को कोई अंक नहीं मिलेगा।

आकलन प्रारूप

क्र.	विद्यार्थियों का नाम	पर्यायवाची			विलोम पद		कुल अंक
		चरण 1	चरण 2	चरण 3	चरण 4	चरण 5	

खण्ड 'ब' (अंक 05)

LO – LS - 813 – कारक चिन्हों / विभाग्रियों / लकारो का प्रयोग दैनिक जीवन में कर पाते है।

गतिविधि 1 – ''कथां कथयतु''

कौशल – अभिव्यक्ति

उद्देश्य – पाठ्यपुस्तक के पाठों की विषयवस्तु की समझ विकसित करना।

आवश्यक सामग्री – कुछ नहीं

शिक्षक कथन – शिक्षक द्वारा आकलन के पूर्व दिवस विद्यार्थियों को सूचित किया जायेगा कि पाठ्यपुस्तक के सभी पाठों की विषयवस्तु को अच्छी तरह पढ़कर आये।

गतिविधि के चरण –

1. शिक्षक सभी पाठों के नामों वाली पृथक–पृथक पर्चियाँ बनाकर एक बॉक्स में रख दें।
2. विद्यार्थी अनुक्रमांक के क्रम में आकर एक पर्ची उठायेंगे और पर्ची में लिखे गये शीर्षक पाठ के विषयवस्तु को अपनी मातृभाषा में बोलते जायेंगे।

आकलन प्रारूप

क्र.	विद्यार्थियों का नाम	विषयवस्तु की समझ	भाषा की शुद्धता	भाषा का प्रवाह	आत्मविश्वास	कुल अंक	विशेष
		2 अंक	1 अंक	1 अंक	1 अंक	5 अंक	

गतिविधि 2 – ''वदितुं शक्नोमि''

कौशल – स्मृति दक्षता

उद्देश्य – विद्यार्थियों में स्मरण दक्षता व अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास करना।

आवश्यक सामग्री – शब्दरूप / धातुरूप की निर्देश करने वाली पर्चियाँ / दो ट्रे।

शिक्षक कार्य / कथन – अभी आप लोगों को एक गतिविधि करायी जाएगी। जिसमें आपको एक कागज की पर्ची दी जायेगी। उस पर्ची में शब्दरूप / धातुरूप के निर्देश लिखे होंगे। आपको उसके अनुसार रूप को बोलना है। सही बोलने पर 3 अंक व धातु रूप के लिए 02 अंक प्राप्त होंगे।

गतिविधि के चरण –

1. शब्दरूप/धातुरूप लिखे गए कागज के पर्चियों को दो पृथक–पृथक ट्रे में रखकर टेबल पर रख दें। (एक ट्रे में शब्द रूप की पर्चियाँ एवं दूसरे ट्रे में धातुरूप की पर्चियाँ हो)
2. पहले चरण में विद्यार्थी अनुक्रमांक के क्रम में आकर एक–एक पर्ची उठायेंगे और उस लिखे हुए शब्दरूप को बोलेंगे।
3. दूसरे चरण में उसी प्रकार धातुरूप की पर्ची उठायेंगे और धातुरूप को बोलेंगे।

आकलन प्रारूप

क्र.	विद्यार्थियों का नाम	चरण 1 शब्दरूप	चरण 2 धातुरूप	कुल अंक	विशेष
		03 अंक	2 अंक	05 अंक	

गतिविधि 3 – "चित्रबोध"
कौशल – अभिव्यक्ति
उद्देश्य – विद्यार्थियों में वाक्य निर्माण की क्षमता का विकास करना।
आवश्यक सामग्री – चित्र
शिक्षक कार्य/कथन – आज हम चित्राधारित गतिविधि के माध्यम से वाक्य निर्माण करेंगे।
गतिविधि के चरण –

1. चित्र से संबंधित शब्द शिक्षक द्वारा लिखे जायेंगे।
2. विद्यार्थी, चित्र एवं उस पर आधारित बताये गये शब्दों के आधार पर चित्र के विषय में कुछ वाक्य निर्माण करेंगे। 10 मिनट पश्चात् विद्यार्थी द्वारा लिखे गये वर्णन की प्रस्तुति की जायेगी।
3. प्रत्येक विद्यार्थी अपने द्वारा निर्मित वाक्य रचना प्रदर्शित करेंगे।

आकलन प्रारूप

क्र.	विद्यार्थियों का नाम	चक्र					योग
		1	2	3	4	5	

●●●